सशक्त संदेश | शिकारी टोला ने प्रशासन को दिखाया आईना, एक साल से नहीं बना स्कूल, हर घर से 500 रुपये का सहयोग

ग्रामीण चंदा और श्रमदान से गढ़ रहे बच्चों का भविष्य

डिंडौरी, नवभारत 2 जुलाई। समनापुर विकासखंड के ग्राम भालापुरी के शिकारी टोला ने वह कर दिखाया, जो जिला प्रशासन एक वर्ष में भी नहीं कर सका।

सरकारी दफ्तरों के चक्कर, आवेदन, गुहार और इंतजार से निराश ग्रामीणों ने अब सरकार का इंतजार छोड़ खुद अपने बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी उठा ली है। हर घर से 500-500 रुपये का चंदा एकत्र किया गया और श्रमदान के माध्यम से नए प्राथमिक स्कूल भवन का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

एक कमरे में संचालित हो रहीं सारी कक्षाएं

वर्तमान में पहली से पांचवीं तक के 52 बच्चे एक ही मकान के एक कमरे में पढ़ने को मजबूर हैं। सभी कक्षाओं की पढ़ाई एक साथ होने से शिक्षण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शिक्षिका का कहना है कि अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को एक साथ पढ़ाना बेहद कठिन हो गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

सरकारी तंत्र की निष्क्रियता के खिलाफ एक सशक्त संदेश

प्रशासन की लगातार अनदेखी से आहत ग्रामीणों ने आखिरकार स्वयं आगे आने का फैसला किया। गांव के प्रत्येक परिवार ने आर्थिक सहयोग दिया और अब ग्रामीण अपने श्रम से स्कूल भवन की नींव तैयार कर रहे हैं। यह सिर्फ एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति ग्रामीणों की प्रतिबद्धता और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता के खिलाफ एक सशक्त संदेश है।

सरकार के तमाम दावों पर सवाल

शिकारी टोला की यह पहल सरकार के उन तमाम दावों पर सवाल खड़े करती है, जिनमें शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही जाती है। करोड़ों रुपये के विकास और शिक्षा बजट के बावजूद यदि एक छोटे से गांव के बच्चों को स्कूल के लिए चंदा जुटाना पड़े, तो यह व्यवस्था की गंभीर विफलता का प्रमाण है।

क्या अब भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रहेगा प्रशासन?

लिहाजा अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण अपने बच्चों के लिए स्कूल बना सकते हैं, तो करोड़ों रुपये के बजट वाला जिला प्रशासन आखिर एक साल तक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठा रहा? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी, या फिर यह मामला भी सरकारी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

स्वयं झोपड़ी बनाकर किया स्कूल का संचालन

दरअसल, पिछले वर्ष जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला भवन को डिस्मेंटल कर दिया गया था। भवन टूटने के बाद बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित होने लगी। तब ग्रामीणों ने स्वयं झोपड़ी बनाकर स्कूल का संचालन शुरू कराया। इस गंभीर समस्या को मीडिया के माध्यम से पहले भी जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, लेकिन एक साल गुजर जाने के बाद भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग स्थायी भवन उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रहा।

निर्माण कार्य के मलबे से जाम हो गई नालियां

वार्ड क्रमांक 8 बना जलभराव का केंद्र, घरों तक पहुंचा बारिश का पानी

डिंडौरी, नवभारत 2 जुलाई। नगरीय क्षेत्र में महज दो घंटे की बारिश ने यह साफ कर दिया कि कागजों में भले ही नालों-नालियों की सफाई के दावे किए गए हों, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पहली ही परीक्षा में धराशायी होती नजर आईं।

नगर के कई वार्डों में जलभराव की स्थिति बन गई और बारिश का पानी नालियों से बहने के बजाय सड़कों पर उफनता हुआ लोगों के घरों तक पहुंच गया। सबसे गंभीर स्थिति वार्ड क्रमांक 8 में देखने को मिली, जहां जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मोहल्ले की गलियां तालाब में तब्दील हो गईं और कई घरों में पानी घुसने से रहवासियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा।



निर्माण कार्य का मलबा बना मुसीबत की जड़

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई और रखरखाव किया गया होता तो यह स्थिति नहीं बनती। वार्डवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में चल रहे एक बड़े निर्माण कार्य के दौरान बरती गई लापरवाही ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। निर्माण से निकला मलबा नालियों और नालों में जमा हो गया, जिससे पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई।

तत्काल सफाई और मलबा हटाने की मांग

वार्डवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए, बरसाती एवं निस्तार के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण कार्यों से निकलने वाले मलबे को तत्काल हटाया जाए। उनका कहना है कि यदि अभी प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आगामी बारिश में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस जारी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने खैरदा उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

डिंडौरी, नवभारत 2 जुलाई। विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता दीवान द्वारा विकासखंड अमरपुर अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर/उपस्वास्थ्य केंद्र खैरदा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीषा भारती केंद्र में अनुपस्थित पाई गईं। अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा 2 जुलाई को अवैतनिक घोषित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी और कर्तव्य के प्रति उदासीनता पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं थीं-निरीक्षण में उपस्वास्थ्य केंद्र खैरदा में निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं पाए जाने पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोन सिंह मरकाम, खंड कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग चौकसे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया कि पाई गई कमियों में 7 दिवस के भीतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

पहली बारिश में मुख्य मार्ग बना तालाब, बैंक ऑफ इंडिया के सामने जलभराव से यातायात ठप

बरसात से पहले ही डगमगाई नगर परिषद की तैयारी

शहपुरा नवभारत, 2 जुलाई। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले ही शहपुरा नगर परिषद की तैयारियों की हकीकत पहली ही बारिश में सामने आ गई। हल्की बारिश ने नगर परिषद के दावों की पोल खोल दी। नगर के मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और कुछ ही देर में तालाब जैसी स्थिति बन गई। जलभराव के कारण राहगीरों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों सहित स्थानीय व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई-स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब से मुख्य मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण किया गया है, तभी से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सबसे गंभीर समस्या यह है कि डिवाइडर निर्माण के दौरान वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण हल्की बारिश में ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है।

कई बार नगर परिषद में की गई शिकायत-नगरवासियों के अनुसार इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण भी कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। परिणामस्वरूप हर बारिश में आम नागरिकों को उसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही-स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का दावा तो किया, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी कर दी। डिवाइडर निर्माण तो कर दिया गया, परंतु वर्षा जल निकासी की समुचित योजना नहीं बनाई गई।

तैयारियां केवल कागजों तक सीमित हैं-इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन नगर परिषद और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। पहली ही बारिश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नगर परिषद की बरसात पूर्व तैयारियां केवल कागजों तक सीमित हैं। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

बिछिया में सड़क बनी तालाब, घरों में घुसा पानी

शहपुरा। शहपुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया मुख्यालय के इंदिरा चौक क्षेत्र में पहली ही तेज बारिश ने पंचायत की लापरवाही की पोल खोलकर रख दी। लगातार हुई बारिश के बाद मुख्य सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और पानी का तेज बहाव कई घरों में घुस गया। इससे लोगों के घरों में रखा घरेलू सामान खराब हो गया तथा आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। स्थानीय वार्डवासियों का आरोप है कि बरसात से पहले पंचायत द्वारा नालियों और पुलिया की सफाई नहीं कराई गई। समय रहते जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं किए जाने के कारण नालियां पूरी तरह जाम हो गईं और पुलिया भी कचरे एवं गाद से पट गई। परिणामस्वरूप बारिश का पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर भर गया और धीरे-धीरे घरों तक पहुंच गया।

नालियों और पुलिया की नहीं की गई सफाई-ग्रामीणों का कहना है कि यदि बारिश से पहले नालियों और पुलिया की नियमित सफाई कर दी जाती तो आज ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। उनका आरोप है कि पंचायत के सचिव और सरपंच ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई, जिसका खामियाजा अब पूरे मोहल्ले के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

छात्रों को दी प्रवेश प्रकिया की जानकारी

नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

अमरपुर नवभारत 2 जुलाई। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों की दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं प्रवेश प्रभारी आशीष कुमार मरावी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह दीक्षारंभ कार्यक्रम शैक्षणिक सत्रारंभ की सुअवसर सबसे पहले मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित करते हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा डावर ने महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना, भोज मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि की जानकारी प्रदान की गई।

शिक्षा अर्जित करने किया गया प्रेरित-प्रवेश प्रभारी आशीष कुमार मरावी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रवेश प्रकिया की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किए। कैलाश प्रसाद लखेरा एवं दीपचंद गुप्ता, राकेश पटले ने भी महाविद्यालय में संचालित ग्रन्थालय, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, भारतीय ज्ञान परम्परा, महाविद्यालय में अनुशासन के साथ शिक्षा अर्जित करना ही जीवनभर की नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक करने के लिए प्रेरित किया।

गुल्लक लक्ष्य निर्धारण का पहला पाठ है : रुचि पांडे

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में मनाया गया शिक्षा दिवस, बच्चों को बांटी गई गुल्लक

डिंडौरी, नवभारत 2 जुलाई। भारतीय शिक्षा दिवस के अवसर पर 2 जुलाई को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल किसलपुरी में 'गुल्लक वितरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाकौशल प्रांत के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बचत की आदत और पैसे के महत्व के संस्कार जागृत करना था। कार्यक्रम में कक्षा चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं को गुल्लक वितरित की गई।

बूंद-बूंद से घड़ा भरता है-विद्यालय की प्राचार्या रुचि पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 'बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, उसी प्रकार छोटी-छोटी बचत से हम अपने जरूरत का सामान भी खरीद सकते हैं।' उन्होंने बच्चों को समझाया कि वर्तमान में बच्चे पैसे की सेविंग नहीं करके उसे कुरकुरे, चॉकलेट आदि में खर्च कर देते हैं।

बैंक में पैसा जमा करने की प्रक्रिया बताई-इस अवसर पर डॉ. विकास जैन ने बच्चों को बैंक में पैसा जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाता कैसे खुलता है, पासबुक का उपयोग और एटीएम से पैसे कैसे निकालते हैं। बच्चों का बैंक गुल्लक ही होता है, जिसमें वह पैसे जमा करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर फिर उसे निकाल लेते हैं।

गुल्लक पर लिखें क्या खरीदना है-कार्यक्रम में बताया गया कि गुल्लक केवल पैसे रखने का डिब्बा नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण का पहला पाठ है। बच्चों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी गुल्लक पर लिखें कि उन्हें क्या खरीदना है, ताकि बचत का उद्देश्य स्पष्ट रहे। विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया कि एक महीने बाद 'बचत चैंपियन' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें सबसे अधिक बचत करने वाले छात्र को सम्मानित किया जाएगा।

एक साल से खुदा पड़ा है सक्का तिराहा मार्ग

प्रतिदिन फंस रहे भारी वाहन, क्या बड़े हादसे के बाद जागेगा प्रशासन?

अमरपुर नवभारत 2 जुलाई। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत अमरपुर-मंडला मुख्य मार्ग के सक्का तिराहा से अमरपुर की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग पिछले लगभग एक वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ हैं।

निर्माण एजेंसी सड़क खोदने के बाद निर्माण कार्य पूरा करना ही भूल गई हैं। न सीसी सड़क बनाई गई, न डामरीकरण किया गया और ना ही गिट्टी-मुरूम डाली गई। जिसके परिणामस्वरूप सड़क पर बने गहरे गड्ढों और कीचड़ से पैदल राहगीरों, दोपहिया, चारपहिया तथा भारी वाहनों का आवागमन जोखिम भरा हो गया हैं।

बाइक सवार गिरकर हो रहे चोटिल-इसी मार्ग से अमरपुर, मंडला, डिंडौरी और जबलपुर के लिए बसों सहित अन्य भारी वाहन गुजरते हैं। बस चालकों को वाहन निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ती हैं। कई बार बस का पिछला हिस्सा सड़क से टकरा जाता हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आएदिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। हाल ही में जबलपुर से आ रहा पेट्रोल टैंकर इसी मार्ग के गड्ढे में फंस गया। जिसे क्रेन की मदद से करीब तीन घंटे बाद बाहर निकाला जा सका।

तत्काल सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की मांग-ग्रामीणों का कहना हैं कि कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशित होने और प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जबकि मंडला-डिंडौरी मुख्य सड़क का निर्माण लगभग पूरा हो चुका हैं, वहीं सक्का तिराहा का यह हिस्सा अब भी अधूरा पड़ा हुआ हैं। लोगों ने प्रशासन और निर्माण एजेंसी से तत्काल सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

ताला में हो रही अवैध पैकारी, ओवर रेट में बिक रही शराब

ठेकेदारों के साथ मिलकर आबकारी विभाग का खेल

चिल्हारी नवभारत 2 जुलाई। जिले के शराबदुकान मानपुर इंदवार मे इन दिनों गांव गांव मोहल्ले मोहल्ले शराब की खेप पहुंचाई जा रही है ठेकेदार के गुर्गो द्वारा सुबह 6 बजे से रात्रि के 10 बजे तक अवैध पैकारी करवाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बिना नंबर प्लेट के बाइक एवं सफ़ेद रंग की बोलेरो मे अवैध पैकारी करवाई जाती है इतना ही नहीं गांव गांव जाकर ठेकेदार के गुर्गे शराब की खेप पंहुचा रहे है इस बात को लेकर कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ती की जाती है। जिले के आबकारी अधिकारी एवं उनकी टीम ठेकेदारों के साथ मिलकर अवैध पैकारी एवं ओवर रेट मे शराब बिक्री में पूरा सहयोग प्रदान करते हैं।

मानपुर व इंदवार में बढ़ रहा आपराधिक मामलों का ग्राफ

क्षेत्र मे बढ़ रहे आपराधिक मामले, माफिया द्वारा कानून व्यवस्था को दरकिनार करते हुए मनमानी कर रहे है। मानपुर, इंदवार में आपराधिक मामलों का ग्राफ बढ़ता हुआ नजर आ रहा है, जिसमें चोरी, लूटपाट हत्या जैसे मामले लगातार सामने आ रहे है। एक्सीडेंट के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिसका कही न कही सम्बन्ध नशे से है।

शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

मीडिया से बात करते हुए भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कृष्णा चतुर्वेदी ने जिला आबकारी अधिकारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अवैध पैकारी, एवं गली गली, मोहल्ले मोहल्ले शराब की बिक्री को लेकर हमारे द्वारा शिकायत की गइ, लेकिन जिला आबकारी अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

कलेक्टर से भी कई बार की शिकायत

मेरे द्वारा जिला कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी, एसडीएम मानपुर तक शिकायत की गई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत पंजीकृत है। इसके बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं जा रही है। इस मामले को लेकर अब मुख्यमंत्री के पास जा रहा हूं और उनको इस समस्या से अवगत करवाने का प्रयास करूंगा, साथ ही उमरिया जिला आबकारी अधिकारी को हटाने का निवेदन करूंगा।

स्थानांतरण पर थाना प्रभारी मर्शकोले को दी विदाई

चिल्हारी नवभारत। मानपुर थाना प्रभारी मुकेश मर्शकोले के कोतवाली उमरिया स्थानांतरण पर गुरुवार को मानपुर थाना परिसर में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त थाना प्रभारी ब्रजकिशोर गर्ग का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने श्री मर्शकोले को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन | विकसित भारत जी राम जी योजना का शुभारंभ

बेरोजगारी भत्ते का भी रखा गया प्रावधान : धुर्वे

अमरपुर नवभारत 2 जुलाई। भारत सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का 1 जुलाई से शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में 2 जुलाई को जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा ग्राम पंचायत साम्हर में एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अमरपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों को योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि योजनांतर्गत अब प्रत्येक जॉब कार्डधारियों को एक साल में 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। पंचायतें रोजगार देने में असफल रहती हैं तो बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान रखा गया हैं, वहीं मजदूरी दर 300 रुपए प्रतिदिन होगा।

योजना को चार श्रेणियां में वर्गीकृत किया गया

योजना को चार श्रेणियां में वर्गीकृत किया गया हैं। जिसमें जल सुरक्षा और संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े कार्य, आजीविका सम्बंर्धन कार्य एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य किए जाने का प्रावधान रखा गया हैं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लौकेश नारनौरे, राय सिंह मरकाम आदि उपस्थित रहे।